# ‘पोल्ट्री वैली योजना’ की हुई शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

1 दिसंबर, 2022 को उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने संयुक्त रूप से किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिये ‘पोल्ट्री वैली योजना’की शुरुआत की।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि सहकारिता और पशुपालन विभाग ने मिलकर किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिये ‘पोल्ट्री वैली योजना’ पहल की है। योजना से तीन साल में पाँच हज़ार युवकों और महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।
- यूकेसीडीपी निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार पोल्ट्री किसानों की आय को दोगुना करेगी। अभी उत्तराखंड में मुर्गियाँ नजीबाबाद और बिजनौर से आ रही हैं। सरकार की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर पोल्ट्री किसानों को सहायता दी जाए ताकि उनकी आमदनी दोगुनी हो और पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रुक सके। अभी चकराता में पोल्ट्री का कार्य शुरू हुआ। इसके बाद अब यह काम पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।
- पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि इस योजना के लागू होने पर युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।
- सहकारिता और पशुपालन विभाग के सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि इस योजना के तहत परियोजना अवधि वित्तीय वर्ष 2022 से 2025 के लिये 5000 लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। 182 करोड़ की इस योजना में लाभार्थियों को मुफ्त चूजे और ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poultry-valley-scheme